web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 15 अगस्त 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 316

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महात्मा गांधी को अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक प्रभावशाली सांसद ने महात्मा गांधी को मरणोपरांत प्रतिष्ठित कांग्रेशनल गोल्ड मेडल से सम्मानित करने संबंधी एक प्रस्ताव अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में शुक्रवार को पुनः पेश किया। कांग्रेशनल गोल्ड मेडल अमेरिका में सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। न्यूयॉर्क से कांग्रेस सदस्य कैरोलिन बी मेलोनी ने प्रतिनिधिसभा में इस संबंध में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, ''विरोध प्रदर्शित करने के महात्मा गांधी के अहिंसक एवं ऐतिहासिक सत्याग्रह अभियान ने राष्ट्र और विश्व को प्रेरित किया। उनका उदाहरण हमें प्रोत्साहित करता है कि हम स्वयं को दूसरों की सेवा में समर्पित करें।'' मेलोनी ने कहा, ''मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नस्ली समानता के लिए अभियान हो या फिर नेल्सन मंडेला की रंगभेद के खिलाफ लड़ाई, दुनियाभर के अभियानों ने उनसे (गांधी से) प्रेरणा ली है। एक लोक सेवक होने के नाते मैं उनके साहस और उनके आदर्श से प्रतिदिन प्रेरित होती हूं। आईए हम गांधी के इस निर्देश का पालन करें कि ''जो परिवर्तन आप दुनिया में देखना चाहते हैं, सबसे पहले वह परिवर्तन आप स्वयं में लाएं''। यह सम्मान जॉर्ज वॉशिंगटन, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, मदर टेरेसा और रोजा पार्क्स को मिल चुका है।

### पाकिस्तान में कोरोना के 4,786 नये मामले, 73 और मौतें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 के 4,786 नये मामले सामने आने के साथ-साथ 73 और लोगों की इस महामारी से मौत हो गई है। राष्ट्रीय कमान एवं संचालन केंद्र (एनसीओसी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। महामारी के खिलाफ पाकिस्तान के अभियान का नेतृत्व करने वाले विभाग एनसीओसी ने बताया कि नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,94,699 हो गई है, जिनमें से 9,83,754 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से 73 लोगों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 24,339 हो गई है। देश में वर्तमान में 4,729 सक्रमितों की हालत गंभीर है। पाकिस्तान का दक्षिणी सिंध प्रांत महामारी से सबसे अधिक प्रभावित है, जहां अब तक 4,09,578 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में कोरोना के 3,70,599 मामले सामने आ चुके हैं।

### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, एक छात्र की मौत

**अल्बुकर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के अल्बुकर्क शहर के वॉशिंगटन मिडल स्कूल में शुक्रवार को भोजनावकाश के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें एक छात्र की मौत हो गयी और एक अन्य छात्र को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अल्बुकर्क में बीते 24 घंटे में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। अल्बुकर्क पब्लिक स्कूल्स के अधीक्षक स्कॉट एल्डर ने कहा कि यह स्कूल डिस्ट्रिक तथा पूरे समुदाय के लिए बहुत ही खराब दिन है। पुलिस डिप्टी कमांडर कायली हार्टसॉक ने बताया कि घटना लगभग 13 वर्ष के 2 छात्रों के बीच हुई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के बाद स्कूल के एक अधिकारी दोनों लड़कों की ओर भागे तथा और किसी भी तरह की हिंसा को रोक दिया। हार्टसॉक ने कहा कि जांचकर्ता यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि छात्रों के पास बंदूक कैसे आई और गोलीबारी की वजह क्या रही। उन्होंने कहा कि अन्य छात्रों से भी पूछताछ की जाएगी। स्कूल को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

### देश के विभाजन का घाव शब्दों में वर्णित नहीं किया जा सकता:शाह

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के फ़ैसले का अभिनंदन किया है। अपने ट्वीट्स में उन्होंने कहा कि देश के विभाजन के समय हिंसा व घृणा के साये में विस्थापित हुए हमारे असंख्य बहनों व भाइयों के त्याग, संघर्ष व बलिदान की याद में पीएम मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस संवेदनशील निर्णय पर मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिनंदन करता हूँ।

# तिरंगा झंडा लगाते समय हाईड्रोलिक मशीन टूटने से तीन की मौत, तीन गंभीर घायल



**ग्वालियर (आरएनएस)।** आज सुबह महाराज बाड़ा स्थित नगर निगम कार्यालय पर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां नगर निगम की बिल्डिंग पर 60 फीट की ऊँचाई पर लगे राष्ट्रीय ध्वज की डोर बदलते समय हाईड्रोलिक मशीन की ट्रॉली से चार लोग उससे पास बने डाक भवन की छत पर गिर गए जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा हाईट्रोलिक मशीन का जैक टूटने की वजह से क्रेन का बैलेंस बिगड जाने के कारण हुआ है। घटना के बाद जयारोग्य अस्पताल के ट्रामा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। इसके पहचान प्रदीप राजौरिया, कुलदीन डंडोतिया तथा विनोद शर्मा के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से कर्मचारियों में भारी आक्रोष है। बताया जा रहा है कि इस बिल्डिंग पर नियमित रूप से झंडा लगा रहता है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरानी डोरी को बदला जा रहा था जिसके कारण से यह हादसा हुआ। कर्मचारियों की नाराजगी को देखते हुए घटना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

ग्वालियर में महाराज बाड़ा स्थित पोस्ट ऑफिस पर मशीन अनलोड करते समय हुई दुर्घटना में 3 कर्मचारियों के निधन व 3 लोगों के घायल होने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर दुरूख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री चौहान ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति, परिजनों को संबल देने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। ग्वालियर दौरे पर रहे प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट भी तुरंत मौके पर पहुंच गए हैं। घटना के बाद से नगर निगम के कर्मचारी प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। बताया जाता है कि संभागायुक्त ने मामले की जांच कराने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने हंगामा बढ़ते देखा तो तत्काल भीड़ को दूर खदेड़कर निगम अफसरों को बाहर निकाला। उन्होंने घटना की जानकारी लेने के साथ ही घायल कर्मचारी के उपचार के पर्याप्त इंतजाम करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही पीड़ित परिवारों से भी चर्चा की है। शहर में पंद्रह अगस्त की तैयारियां जारी हैं। इसके तहत महाराज बाड़ा स्थित नगर निगम कार्यालय पर भी ध्वजारोहण की तैयारी चल रही थी। शनिवार को सुबह दमकल अमले की हाइड्रोलिक मशीन मंगाई गई थी। इस हाइड्रोलिक मशीन पर चढ़कर कुछ कर्मचारी इमारत पर तिरंगा लगाने के लिए चढ़े थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल एवं प्रभारी नगर निगम आयुक्त मुकुल गुप्ता मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद घटना स्थल पर पहुँचे नगर निगम के प्रभारी आयुक्त मुकुल गुप्ता को आक्रोशित भीड ने घेर लिया। कुछ लोगों ने आयुक्त के साथ अभद्रता करने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यहीं नहीं आक्रोशित भीड ने दलकल कर्मचारियों तथा अधिकारियों के कारण मारपीट करने का प्रयास किया।

**हाईड्रोलिक प्लेटफार्म मामले में फायर अधिकारी निलंबित-** उक्त घटना फायर ब्रिगेड विभाग की लापरवाही प्रदर्शित करता है। अतः उक्त कृत्य के लिये उमंग प्रधान, सहायक फायर ऑफीसर कार्यरत प्रभारी फायर ऑफीसर को म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

## राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक 55 करोड़ 73 लाख से अधिक कोविड रोधी टीके उपलब्ध कराये गये



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्र सरकार देश भर में कोविड-19 टीकाकरण की गति में तेजी लाने तथा इसके दायरे को विस्तारित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी लोगों को कोविड-19 टीकाकरण उपलब्ध कराने का नया चरण 21 जून से आरंभ हुआ। अधिक टीकों की उपलब्धता, बेहतर ढंग से योजना बनाने में राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को सक्षम बनाने के लिए उन्हें अग्रिम रूप से टीका उपलब्ध कराने तथा टीका आपूर्ति को विवेकपूर्ण बनाने के जरिये टीकाकरण अभियान में तेजी लाई गई है।

राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में, भारत सरकार राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क टीका उपलब्ध कराने के माध्यम से उनकी सहायता करती रही है। कोविड-19 टीकाकरण अभियान के सार्वभौमिकरण के नये चरण में, केन्द्र सरकार देश में टीका विनिर्माताओं द्वारा उत्पादित टीकों के 75 प्रतिशत की खरीद करेगी और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों को आपूर्ति (निःशुल्क) करेगी।

अभी तक राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को सभी स्रोतों से 55.73 करोड़ से अधिक टीके उपलब्ध कराए गए हैं और 1,00,37,990 टीके उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया प्रगति में है।

इनमें से अपव्यय सहित कुल 53,26,03,653 टीकों की खपत हुई है।

राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों तथा निजी अस्पतालों के पास अभी भी 2.85 करोड़ से अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल की हुई खुराकें उपलब्ध हैं।

## दोनों डोज लेने के बाद भी लोग हो रहे बीमार, पांच की मौत

**» डेल्टा प्लस वेरिएंट से हड़कंप**

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप से संक्रमित अब तक 66 मरीज मिले हैं और उनमें से 5 की मौत हो चुकी है। इन 66 मरीजों में से कुछ ने टीके की दोनों खुराक ले रखी थी। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य के विभिन्न हिस्सों से मरीजों के लिए गए नमूनों के जीनोम अनुक्रमण जांच में ये मामले आए। मुंबई में कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस स्वरूप के संक्रमण से 63 वर्षीय महिला की मौत का पहला मामला सामने आया है।

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने कहा कि वायरस के इस स्वरूप से जुलाई के अंतिम सप्ताह में जान गंवाने वाली इस बुजुर्ग महिला को कोविड-रोधी टीके की दोनों खुराकें दी गई थीं। बीएमसी अधिकारियों ने कहा कि महिला की मौत के बाद उसके करीबी संपर्क में रहे कम से कम दो अन्य लोगों में भी वायरस के इस स्वरूप के संक्रमण की पुष्टि हुई है। वायरस का यह स्वरूप बेहद संक्रामक है।

डेल्टा प्लस स्वरूप के सबसे ज्यादा 13 मामले उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव से आए हैं। वहीं रत्नागिरि से 12 और मुंबई से 11 मामले आ चुके हैं। बाकी मामलों अन्य स्थानों के हैं। बता दें कि सबसे अधिक डराने वाली बात यह है कि कोरोना के दोनों टीके लेने के बाद भी अब डेल्टा से लोगों के मरने की खबर है।

गौरतलब है कि अब महाराष्ट्र में कोरोना एक बार फिर से सिर उठा रहा है। महाराष्ट्र में शुक्रवार को 6686 कोरोना के केस मिले और 158 लोगों की मौत हो गई।

# लाल किले की प्राचीर से हो सकती है कोरोना के मृतकों के लिए मुआवजे का ऐलान



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना महामारी से हुई मौतों के लिए स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से मुवावजे का ऐलान कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से अपने संबोधन में कोरोना महामारी के कारण जान गवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए मुवावजे की घोषणा किए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें कहा गया है कि प्राधिकरण के पास आपदा कोष में 20 हजार करोड रुपए की राशि है,जिसका इस्तेमाल आपदा में जान गंवाने वालों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने में किया जा सकता है। आपदा के कारण होने वाली मौतों के लिए वर्ष 2014 में चार लाख रुपए प्रति व्यक्ति की राशि तय की गई थी।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दिए जाने वाले मुवावजे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है और यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय ने सरकार से 6 सप्ताह में यह बताने को कहा है कि वह लोगों को कितना मुआवजा, कब तक तथा कैसे देगी। सरकार ने न्यायालय को पहले बताया था कि पहले से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार वह प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रूपए का मुआवजा देगी। सूत्रों के अनुसार इस इस मामले मैं अब वह देर नहीं करना चाहती और इसलिए संभवत है प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में इस बारे में घोषणा कर सकते हैं।

# भारत 2030 तक 450 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में अग्रसरः आर.के. सिंह

**» बिजली वितरण में सुधारों और बिजली के ग्रिडों की सहज उपलब्धि से नवीकरणीय ऊर्जा की खपत बढ़ेगी**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बिजली तथा नवीन और नवीकरणीय मंत्री आर.के. सिंह ने यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (अमेरिका-भारत व्यापार परिषद - यूएसआईबीसी) के सदस्यों के साथ एक वर्चुअल कार्यक्रम में बातचीत की। बैठक का एजेंडा एडवांसिंग क्लीनर, मोर सस्टेनेबल एंड एफर्डेबल एनर्जी टू मिटीगेट क्लाइमेट चेंज एंड पावर इंडियाज़ इकोनॉमिक ग्रोथ (जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने और भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाने के लिये ज्यादा स्वच्छ, ज्यादा टिकाऊ और सस्ती ऊर्जा को बढ़ावा) था। अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों से सम्बंधित 50 से अधिक औद्योगिक हस्तियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिनमें सूचना प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे का विकास करने वाले उद्यमी, नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करने वाले, बैंकिंग और विमानन क्षेत्र के लोग शामिल थे। व्यापार जगत के दिग्गजों ने बिजली तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को 100 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने पर बधाई दी। बैठक में व्यापार जगत के लोगों को आर.के. सिंह से भारत में नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली सेक्टर के विभिन्न पहलुओं तथा दुनिया के निवेशकों को उपलब्ध सम्बंधित अवसरों पर चर्चा करने का मौका मिला।

आर.के. सिंह ने व्यापार जगत के लोगों को बताया कि भारत 2030 तक 450 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण में सुधारों और बिजली के ग्रिडों की सहज उपलब्धि से नवीकरणीय ऊर्जा की खपत बढ़ेगी। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा सुगमता, ऊर्जा दक्षता, उत्सर्जन में कमी आदि क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भारत में निर्माण और भारत से निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिये भारत सरकार की योजनायें भी साझा कीं, जिनमें सौर बैट्रियों के निर्माण, मॉड्यूल और बैट्री और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिये पीएलआई (प्रोडक्शन-लिंक्ड इनसेन्टिव) योजना शामिल है। उन्होंने 450 गीगावॉट उत्पादन के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के हवाले से विचारों और सुझावों का स्वागत किया।

आर.के. सिंह ने अमेरिका के साथ जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा और निरंतरता सम्बंधी साझा लक्ष्यों को आगे ले जाने तथा भारत-अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी के लिये भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पाकिस्तान ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**» राष्ट्रपति अल्वी ने गिनवाईं उपलब्धियां**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने शनिवार को कहा कि भारत द्वारा 1974 में पहला परमाणु परीक्षण किए जाने के 7 साल के अंदर परमाणु क्षमता हासिल करना आजादी के बाद हासिल की गयी उनके देश की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इसके यह संकेत मिलता है कि 1998 में आधिकारिक तौर पर परमाणु क्षमता हासिल करने की घोषणा से बहुत पहले पाकिस्तान ने इसे हासिल कर लिया था। पाकिस्तान के 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रेसिडेंट हाउस में हुए ध्वजारोहण समारोह में अल्वी ने कहा कि बीते 74 साल में हम पर तीन जंग थोपी गई, हालांकि चुनौतियों के बावजूद देश आगे बढ़ता रहा। पाकिस्तान की उपलब्धियों को गिनवाते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के बाद देश ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं और उनमें से बड़ी उपलब्धि परमाणु क्षमता हासिल करना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने दशकों से करीब 35 लाख शरणार्थियों को अपने यहां पनाह दे रखी है।

# भारत के चार और आर्द्र स्थलों को रामसर सूची में जोड़ा गया



**नईदिल्ली।** भारत की चार और आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) को रामसर सचिवालय से रामसर स्थलों के रूप में मान्यता मिल गई है। ये स्थल हैंः गुजरात के थोल और वाधवाना और हरियाणा के सुल्तानपुर और भिंडावास। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक ट्वीट संदेश में इसकी जानकारी देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्यावरण के लिए विशेष चिंता है कि भारत ने अपनी आर्द्रभूमियों की देखभाल कैसे करनी है, की कार्य प्रणाली में समग्र रूप से सुधार आया है।

इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की संख्या 46 हो गई है और इन स्थलों से आच्छादित सतह क्षेत्र अब 1,083,322 हेक्टेयर हो गया है। जहां एक ओर हरियाणा को अपनी पहली रामसर साइट मिली है, वहीं गुजरात को उस नलसरोवर के बाद तीन और स्थल मिल गए हैं, जिसे 2012 में अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रस्थल घोषित किया गया था। रामसर सूची का उद्देश्य आर्द्रभूमि के एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय तन्त्र (नेटवर्क) को विकसित करना और सुरक्षित बनाए रखना है जो वैश्विक जैविक विविधता को संरक्षित करने और सुरक्षित रखने के साथ ही मानव जीवन की अपने इको-सिस्टम के घटकों, प्रक्रियाओं और लाभों के रखरखाव के माध्यम से सहेजे रखने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

आर्द्रभूमियों से (वेटलैंड्स) भोजन, पानी, रेशा (फाइबर), भूजल का पुनर्भरण, जल शोधन, बाढ़ नियंत्रण, भूमि के कटाव का नियंत्रण और जलवायु विनियमन जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों और इको-सिस्टम सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्राप्त होती हैं। वस्तुतः ये क्षेत्र पानी का एक प्रमुख स्रोत हैं और मीठे पानी की हमारी मुख्य आपूर्ति आर्द्रभूमि की ऐसी उन श्रृंखलाओं से आती है जो वर्षा को सोखने और भूजल को फिर से उसी स्तर पर लाने (रिचार्ज करने) में मदद करती है।

भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य, हरियाणा की सबसे बड़ी ऐसी आर्द्रभूमि है जो मानव निर्मित होने के साथ ही मीठे पानी वाली आर्द्रभूमि है। 250 से अधिक पक्षी प्रजातियां पूरे वर्ष इस अभयारण्य का उपयोग अपने विश्राम एवं प्रजनन स्थल के रूप में करती हैं। यह साइट मिस्र के लुप्तप्राय गिद्ध, स्टेपी ईगल, पलास के मछली (फिश) ईगल और ब्लैक-बेलिड टर्न सहित विश्व स्तर पर दस से अधिक खतरे में आ चुकी प्रजातियों को शरण देती है।

हरियाणा का सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान मिलने वाले पक्षियों, शीतकालीन प्रवासी और स्थानीय प्रवासी जलपक्षियों की 220 से अधिक प्रजातियों की उनके अपने जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों में आश्रय देकर सम्भरण करता है। इनमें से दस से प्रजातियाँ अधिक विश्व स्तर पर खतरे में आ चुकी हैं, जिनमें अत्यधिक संकट में लुप्तप्राय होने की कगार पर आ चुके मिलनसार टिटहरी (लैपविंग) और लुप्तप्राय मिस्र के गिद्ध, सेकर फाल्कन, पलास की मछली(फिश) ईगल और ब्लैक-बेलिड टर्न शामिल हैं।

गुजरात की थोल झील वन्यजीव अभयारण्य पक्षियों के मध्य एशियाई उड़ान मार्ग (फ्लाईवे) पर स्थित है और यहां 320 से अधिक पक्षी प्रजातियां पाई जा सकती हैं। यह आर्द्रभूमि 30 से अधिक संकटग्रस्त जलपक्षी प्रजातियों की शरण स्थली भी है, जैसे कि अत्यधिक संकट में आ चुके लुप्तप्राय सफेद-पंख वाले गिद्ध और मिलनसार टिटहरी (लैपविंग) और संकटग्रस्त सारस बगुले (क्रेन), बत्तखें (कॉमन पोचार्ड) और हल्के सफ़ेद हंस (लेसर व्हाइट-फ्रंटेड गूज़)।